Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 20 फरवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 143

महत्वपूर्ण एवं खास

7 पंजाबी यात्रियों को बस से उतारकर मारी गई गोली, इलाके में मचा हड़कंप

क्वेटा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने लाहौर जा रही एक बस में सात यात्रियों की हत्या कर दी। हमला बरखान जिले में हुआ। अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगा बलूचिस्तान प्रांत अलगाववादी विद्रोहियों और पाकिस्तान की दशकों पुरानी लड़ाई का युद्धक्षेत्र बना हुआ है। अगलगाववादी अधिक स्वायत्तता और क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों में हिस्सा चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डिप्टी कमिश्नर वकार खुर्शीद आलम ने बताया कि करीब 40 हथियारबंद लोगों के समूह ने कई बसों और वाहनों को रोका, राष्ट्रीय पहचान पत्र की जांच की और फिर सात यात्रियों को बस से उतारकर गोली मार दी। अधिकारी ने बताया कि मारे गए सभी सात लोग मध्य पंजाब प्रांत के थे। क्षेत्र के सहायक आयुक्त खादिम हुसैन ने कहा कि हत्याएं पंजाब के दक्षिणी शहर डेरा गजा खान को बरखान से जोडऩे वाले राजमार्ग पर हुईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, और हत्याओं के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी गई है, लेकिन हमलावर भाग निकलने में कामयाब रहे।

फंडिंग के सवाल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बोले- 'भारत के पास है पैसा बहुत, हम 21 मिलियन डॉलर क्यों दें

वॉशिंगटन । एलन मस्क के नेतृत्व वाला सरकारी दक्षता विभाग लगातार यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट यानी यूएसएड से जुड़ी अहम जानकारी साझा कर रही है। कुछ दिनों पहले ष्ठह्रत्रश्व ने जानकारी दी थी कि स्रढ्ढष्ठ द्वारा भारत समेत दुनियाभर के कई देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता रोक दी है। जानकारी सामने आई है कि भारत के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की खातिर अमेरिका फंडिंग कर रहा था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अमेरिका यह धन किसे देता था? रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका 21 मिलियन डॉलर (1 अरब 82 करोड़ रुपए) भारत को देता था। फंडिंग को लेकर जब राष्ट्रपति ट्रंप से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों देंगे? ट्रंप ने कहा उनके (भारत) पास बहुत ज्यादा पैसा है। ऐसे में हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों देंगे? ये बात समझ से परे है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक है। हम मुश्किल से वहां पहुंच सकते हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ऊंचे हैं। ट्रंप ने कहा कि वो भारत और प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करते हैं, जो कुछ दिन पहले ही अमेरिका से गए हैं।

पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र : यूएनएससी में भारत

संयुक्त राष्ट्र । भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा और उसे आतंकवाद का वैश्विक केंद्र बताया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को यूएन सुरक्षा परिषद में कहा, पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध 20 से अधिक आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है और सीमा पार आतंकवाद को समर्थन प्रदान करता है। हरीश ने कहा, इसलिए यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, भारत, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और हरकत उल मुजाहिदीन (एचयूएम) जैसे आतंकी समूहों के माध्यम से इस देश द्वारा किए गए आतंकी कृत्यों का शिकार रहा है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए हरीश ने कहा, वास्तव में, यह पाकिस्तान ही है जिसने जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर रखा है। हरीश ने कहा कि पिछले साल के चुनाव में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के लोगों ने फिर से भारत के प्रति अपनी निष्ठा को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने पिछले साल ही सफल चुनाव में हिस्सा लिया और अपनी सरकार चुनने के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। स्थायी प्रतिनिधि ने कहा, लोगों की पसंद स्पष्ट और मुखर थी। जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है, जबकि पाकिस्तान में ऐसा नहीं है।

झारखंड में भीषण सड़क हादसा, स्कॉर्पियो और बाइक के बीच हुई टक्कर में 6 की मौत

गिरिडीह । आरएनएस

झारखंड के गिरिडीह जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एक स्कॉर्पियो और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। गिरिडीह-डुमरी रोड पर यह हादसा मंगलवार देर रात हुआ, लेकिन इसकी जानकारी लोगों को बुधवार को हुई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से शवों को बरामद किया। मृतकों में स्कॉर्पियो पर सवार चार और बाइक से जा रहे दो लोग शामिल हैं। बाइक सवार दो मृतकों की पहचान गिरिडीह जिले के मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत धावाटांड़ निवासी हुसैनी मियां और छछंदो गांव निवासी बबलू कुमार टुडू के रूप में हुई है। स्कॉर्पियो पर सवार जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें बिहार के मुंगेर के दरियापुर निवासी सोमेश चंद्रा, गोपाल कुमार और गिरिडीह के इसरी बाजार निवासी गुलाब कुमार शामिल हैं। एक अन्य मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों गाडिय़ों के परखच्चे उड़ गए हैं। पुलिस के अनुसार, हादसा लटकट्टो पिकेट के पास हुआ। स्कॉर्पियो गिरिडीह से डुमरी की ओर जा रही थी, जबकि बाइक सवार पारसनाथ रेलवे स्टेशन से गिरिडीह की ओर जा रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि दोनों वाहन काफी तेज रफ्तार में रहे होंगे। रात में इस सडक़ पर वाहनों का कम आवागमन होता है। इस वजह से हादसे के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त लोगों को किसी तरह की मदद नहीं मिल पाई। पुलिस ने गिरिडीह सदर हॉस्पिटल में सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

ज्ञात हो कि इसी साल की शुरुआत में 4 जनवरी को झारखंड में दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक भीषण सडक़ हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि छह लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। तब दासोरायडीह गांव के पास एक ट्रक ने यात्रियों से भरे ऑटो को सामने से टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से ऑटो के परखच्चे उड़ गए। झारखंड में 31 दिसंबर से लेकर 4 जनवरी तक तक अलग-अलग सडक़ हादसों में 30 लोगों की मौत हो चुकी थी।

फिरोजाबाद में भीषण हादसा, अज्ञात वाहन से भिड़ी कार, तीन लोगों की मौत

फिरोजाबाद । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सडक़ हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे थे।

यह हादसा बुधवार सुबह करीब साढ़े चार बजे शिकोहाबाद के नसीरपुर थाना क्षेत्र में हुआ, जब प्रयागराज कुंभ से वापस दिल्ली लौट रही एक कार माइल स्टोन 52.600 किलोमीटर पर आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, मृतकों के शवों को फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतकों और घायलों के परिजनों को दे दी है।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कार तेज रफ्तार में थी और संभवत: अंधेरे के कारण आगे चल रहे वाहन को समय पर नहीं देख सकी, जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि, दुर्घटना के सही कारणों की जांच की जा रही है। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर स्थिति को सामान्य कर दिया।

फिरोजाबाद पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है, जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। इसके लिए फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक को पकडक़र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घायल यात्रियों की हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की एक टीम उनका इलाज कर रही है।

केंद्र सरकार आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ी : अमित शाह

नई दिल्ली । आरएनएस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा है कि मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए चट्टान की तरह खड़ी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक समिति ने 2024 के दौरान अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 1554.99 करोड़ रुपये में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ी है। आज गृह मंत्रालय ने एनडीआरएफ के तहत आंध्र प्रदेश, नागालैंड, ओडिशा, तेलंगाना और त्रिपुरा को 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। यह एनडीआर फंड के तहत केंद्र की ओर से 27 राज्यों को जारी की गई 18,322.80 करोड़ रुपये की राशि के अतिरिक्त है।

बंगाल के नदिया में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने 1.48 करोड़ के सोने के साथ भारतीय तस्कर को पकड़ा

नदिया । आरएनएस

पश्चिम बंगाल के नदिया में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सोने की तस्करी के एक बड़े प्रयास को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नाकाम कर दिया। जवानों ने बांग्लादेश से भारत में तस्करी की कोशिश कर रहे एक भारतीय को चार सोने की छड़ें, पांच सोने के बिस्कुट और एक छोटे सोने के टुकड़े के साथ गिरफ्तार किया।

बीएसएफ की 32वीं बटालियन के जवानों को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि नदिया के बानपुर गांव से तस्करों का एक समूह बांग्लादेश से सोने की तस्करी करने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर जवानों ने बानपुर सीमा क्षेत्र में जाल बिछाया। वे बाड़ के पास छिप गए और तस्करों का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद जवानों ने सीमावर्ती गांव फुलबारी (बानपुर) से एक संदिग्ध भारतीय तस्कर को आते देखा। संदिग्ध व्यक्ति अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पहुंचा और बांग्लादेश से आए दो पैकेट उठा लिए।

जैसे ही वह पैकेट लेकर वापस जाने लगा, जवानों ने उसे घेर लिया और रुकने का आदेश दिया। खुद को घिरा देखकर तस्कर ने भागने की कोशिश की। जवानों ने तस्कर को रोकने के लिए सुरक्षित जगह पर पीएजी (गैर-घातक गोला-बारूद) से एक राउंड फायर किया। चेतावनी की आवाज सुनकर संदिग्ध घबरा गया और बीएसएफ के जवानों ने उसे तुरंत पकड़ लिया।

जवानों ने तस्कर के पास से दो छोटे पैकेट बरामद किए। उनमें 4 सोने की छड़ें, 5 सोने के बिस्किट और एक छोटा सोने का टुकड़ा था। जब्त किए गए सोने का कुल वजन लगभग 1.745 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 1,48,93,575 टका (बांग्लादेशी टका) है। गिरफ्तार तस्कर को जब्त किए गए सोने के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

बीएसएफ साउथ बंगाल बॉर्डर के डीआईजी और जनसंपर्क अधिकारी एन.के. पांडे ने कहा कि बीएसएफ तस्करी और अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने जवानों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि यह सफल ऑपरेशन सीमा सुरक्षा और तस्करी विरोधी उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

लखनऊ में पकड़ी गई फर्जी टीटीई, गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

लखनऊ । आरएनएस

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर फर्जी महिला टीटीई पकड़ी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने महिला का आईकार्ड चेक किया, जो कि फर्जी पाया गया। इसके बाद चारबाग जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया।

चारबाग स्टेशन के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में स्टेशन परिसर पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान रेलवे द्वारा सूचना मिली कि एक महिला टीटी के परिधान में यात्रियों के टिकट चेक कर रही है। जीआरपी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और महिला का आईडी कार्ड चेक किया। महिला संदिग्ध होने पर स्टेशन मास्टर को बुलाया गया। उन्होंने उसका आईडी कार्ड मांगा, तो उसने अपना आईडी कार्ड दिया, जिसमें उसका नाम काजल सरोज पुत्री छोटेलाल सरोज

निवासी ग्राम मालेपुर संत रविदास नगर अंकित है और जिसका नंबर 20137081345 है।

जानकारी करने पर इस नंबर और नाम का कोई टीटीई चेकिंग कैडर में पंजीकृत नहीं है, जिसके संबंध में स्टेशन मास्टर की तरफ से लिखित में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया और महिला आरक्षी की मदद से थाना जीआरपी के सुपुर्द किया गया, जिसके संबंध में थाना अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

चारबाग के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक प्रकाश डी के निर्देश में लगातार नियमित चेकिंग अभियान चल रहा है। चारबाग स्टेशन पर महिला वेटिंग रूम के पास एक महिला टीटीई पूरे ड्रेस में यात्रियों के टिकट चेक कर रही थी, लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध लग रही थीं। शक होने पर उसका आईडी कार्ड चेक करने पर पता चला कि ऐसा कोई आईडी नंबर पंजीकृत नहीं है। इसको तत्काल गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पंजाब सरकार ने 52 पुलिसकर्मी किए बर्खास्त, डीजीपी बोले पुलिस में काली भेड़े बर्दाश्त से बाहर

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त 52 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकार के इस घटना के दो दिन पहले मुक्तसर के डीसी को निलंबित किया गया था। इसमें कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर रैंक के कर्मचारी शामिल हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी। पुलिस में काली भेड़ों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, दिल्ली पुलिस की तर्ज पर एक महीने में ई-एफआरईआर दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही पंजाब पुलिस पुलिस सिटीजन फ्रेंडली सिसटम लागू रही है। पुलिस की तरफ से पहले 43 सेवाएं ऑनलाइन मुहैया करवाई जाती थी। वहीं, अब 60 के करीब सेवाओं को शामिल किया जाएगा। लोग सांझ केंद्र या घर पर बैठकर इन सेवाओं का लाभ उठा पाएंगे। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की तरह पुलिस अब मोटर व्हीकल चोरी ई एफआईआर सिस्टम शुरू करने जा रही है। इसे एक महीने में लागू किया जाएगा। इसके लिए एक राज्य स्तरीय ई पुलिस थाना नोटिफाई किया जाएगा।

14 साल के बच्चे ने पिता को कमरे में बंद कर जलाया जिंदा, इस बात को लेकर था नाराज

फरीदाबाद । आरएनएस

फरीदाबाद में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां, एक 14 वर्षीय लडक़े ने अपने पिता को कमरे में बंद कर आग के हवाले कर दिया और खुद छत से कूदकर मौके से फरार हो गया। हालांकि, बाद में पुलिस ने लडक़े को हिरासत में ले लिया और मामले में आगे की जांच जारी है।

यह मामला फरीदाबाद के नवीन नगर का है। दरअसल, पिता ने लडक़े को पैसे चुराने और पढ़ाई पर ध्यान न देने के लिए फटकार लगाई थी। इसके बाद लडक़े ने जो किया वो जानकर आपकी भी रूह कांप जाएगी। पिता के डांटने पर लडक़े ने उन्हें कमरे में बंद कर दिया और फिर कमरे को आग लगा दिया। इस घटना में 55 वर्षीय आलम अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, आस पड़ोस के लोगों को जैसे ही पता चला कि घर में आग लग गई है तो उन्होंने मौके पर पहुंच कर अंसारी को बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके बाद बच्चा छत से कूदकर भाग गया। हालांकि, पुलिस ने उसे पकड़ लिया है और कार्रवाई की जा रही है।

महाकुंभ बना भारत का सबसे बड़ा आर्थिक आयोजन, स्थानीय व्यापार को भारी बढ़ावा

महाकुंभ नगर । आरएनएस

विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन महाकुंभ 2025 ने व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के अनुसार, इस बार के महाकुंभ ने 3 लाख करोड़ रुपए (360 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक का व्यापार उत्पन्न किया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों में से एक बन गया है।

सीएआईटी के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन आस्था और अर्थव्यवस्था के गहरे संबंध को दर्शाता है।

13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है।

प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि शुरुआती अनुमान के अनुसार, 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और 2 लाख करोड़ रुपए के व्यापार की संभावना थी, लेकिन देशभर में इस आयोजन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह के कारण अब 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, जिससे कुल व्यापार 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक होने की संभावना है।

महाकुंभ 2025 के दौरान कई व्यापारिक क्षेत्रों में बड़ा आर्थिक उछाल देखने को मिला। इनमें पर्यटन, होटल और आवास सेवाएं, खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग, परिवहन और लॉजिस्टिक्स, पूजा सामग्री, धार्मिक वस्त्र और हस्तशिल्प, हेल्थकेयर और वेलनेस सेवाएं, मीडिया, विज्ञापन और मनोरंजन उद्योग, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी, टेलीकॉम और एआई आधारित सेवाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं।

महाकुंभ के कारण केवल प्रयागराज ही नहीं, बल्कि 150 किमी के दायरे में स्थित शहरों और कस्बों में भी व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। इसके अलावा, अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है।

महाकुंभ को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में सडक़, फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण एवं सुधार पर 7,500 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इस राशि में से 1,500 करोड़ रुपए विशेष रूप से महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए आवंटित किए गए थे। इससे न केवल प्रयागराज में, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी यातायात और नागरिक सुविधाओं में सुधार हुआ है।

अगर अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था।

1 फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया था।